दिन– बुधवार

दिनांक– 01/07/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. विकसित भारत जी राम जी अधिनियम आज से लागू। राज्य सरकार ने योजना के कार्यान्वयन के लिए बिहार रूरल डेवलपमेंट सोसाईटी को नोडल एजेंसी बनाया।

02 स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा – राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे।

03. बिहार विधान परिषद के सभी दस नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव रहे मौजूद।

04. और, मौसम विभाग ने कल कटिहार, मधुबनी, पूर्णियां, सीतामढ़ी और पश्चिम चम्पारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————

विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन – जी राम जी अधिनियम आज से लागू हो गया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि वीबी जी राम जी अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एक सौ पच्चीस दिन के रोजगार की गारंटी होगी। इससे ग्रामीण भारत सशक्त बनेगा। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

वर्तमान वित्तीय वर्ष में इस योजना के कार्यान्वयन के लिए 95 हजार 692 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के अंतर्गत संशोधित पारिश्रमिक दरें आज से लागू हो गई हैं। राष्ट्रीय औसत परिश्रमिक मनरेगा के 298 रुपये अस्सी पैसे से बढ़ाकर विकसित भारत जी राम जी के अंतर्गत 327 रुपये 40 पैसे प्रतिदिन कर दिया गया है। इस प्रकार पारिश्रमिक दर में दस प्रतिशत से अधिक की औसत वृद्धि हुई है। 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में जहां पहले मजदूरी तीन सौ रुपये से कम थी वहां अब नई दरें लागू हो गई हैं। सकलेन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।

———————————————————

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत जी राम जी अधिनियम लागू होने को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। श्री चौहान ने कहा कि यह अधिनियम लाखों ग्रामीण श्रमिकों के लिए गरिमा, आत्मसम्मान और आजीविका सुनिश्चित करने का नया अध्याय है।

–––साउंड बाईट–––

आज का दिन ऐतिहासिक दिन है, विकसित भारत जी राम जी योजना आज से लागू हो गई। हमारी कोशिश रही है कि ट्रांजेशन स्मूथ हो जाए। सभी राज्यों ने बजट में प्रावधान किया है। अकेले केंद्र सरकार ने 95 हजार 600 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि इस साल विकसित भारत जी राम जी योजना के लिए रखी है, इसमें राज्यों का हिस्सा मिला लिया जाए तो यह एक लाख 51 हजार 282 करोड़ रूपया होती है। इतनी विशाल राशि न केवल मजदूर भाईयों और बहनों को रोजगार देगी बल्कि विकसित गांव को बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

———————————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के तहत प्रदेश के लिए छह हजार सात सौ पन्द्रह करोड़ रूपये का अंतरिम बजट तय किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना को लागू करने के लिए अकुशल मजदूरी मद में राज्य सरकार ने एक हजार आठ सौ नब्बे करोड़ रूपये का प्रावधान किया है। श्री कुमार ने कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

———साउंड बाईट———

इधर, हमारी संवाददाता ने बताया कि राज्य सरकार ने जी राम जी योजना लागू करने को लेकर व्यापक तैयारी की है।

———साउंड बाईट———

विकसित भारत जी राम जी योजना के संचालन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य संचालन समिति का गठन किया गया है। संचालन समिति में ग्रामीण विकास विभाग समेत सत्रह विभागों के सचिवों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी को जिला कार्यक्रम समन्वयक और उपविकास आयुक्त—डीडीसी को अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक नामित किया गया है। विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत ग्राम पंचायतें दस लाख रुपये तक, प्रोग्राम ऑफिसर पंद्रह लाख तक, डीडीसी एक करोड़ और जिलाधिकारी तीस करोड़ रुपये तक की योजनाएं स्वीकृत कर सकेंगे। समाचार कक्ष से निधि श्री।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने विकसित भारत जी राम जी योजना के कार्यान्वयन के लिए बिहार रूरल डेवलपमेंट सोसाईटी को नोडल एजेंसी बनाया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि योजना के तहत कार्यरत अकुशल मजदूरों के लिए सात घंटे के कार्यदिवस के आधार पर मिट्टी कटाई जैसे कार्यों की निर्धारित दर को भी कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान की।

———साउंड बाईट———

मंत्रिमंडल ने पांच नये केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना के लिए पांच—पांच एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का फैसला किया है। ये केन्द्रीय विद्यालय पूर्णियां, राजगीर, शेखपुरा, मधेपुरा और मधुबनी में खुलेंगे। कैबिनेट ने राज्य के इकतीस बस स्टैंड को पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मॉडल पर विकसित किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग कार्य संचालन संशोधन नियमावली दो हजार छब्बीस के प्रारूप को मंजूरी प्रदान की है।

एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने चौंतीस करोड़ उनसठ लाख रूपये की लागत से गन्ना यांत्रिकीकरण योजना और सैंतीस करोड़ तिरानवे लाख रूपये की लागत से ईंख विकास योजना के कार्यान्वय को मंजूरी दी। साथ ही कैबिनेट ने वीरपुर हवाई अड्डा के विकास के लिए अट्ठासी एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए उनतीस करोड़ छप्पन लाख

रूपये की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति दी। इसके अलावा कैबिनेट ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर बिहार के ग्यारह सौ श्रद्धालुओं के लिए बीस जुलाई से दो दिवसीय सोमनाथ यात्रा को मंजूरी दी। यात्रा का आयोजन और श्रद्धालुओं की व्यवस्था पर दो करोड़ पचास लाख रूपये खर्च होंगे।

————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा है कि राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनकी निगरानी कंट्रोल रूम से की जाएगी, ताकि डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में मंत्री ने बताया कि अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता और वितरण की नियमित मॉनिटरिंग होगी तथा लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

———साउंड बाइट———

स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि सड़क दुर्घटनाओं और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए राज्य के एनएच और एसएच पर सौ नई एम्बुलेंस तैनात की जाएंगी।

————————————————————————

बिहार विधान परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को आज शपथ दिलायी गयी। विधान परिषद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सदस्यों को शपथ दिलायी। भाजपा से भोजपुरी फिल्म अभिनेता पवन सिंह, संजय मयूख, अनिल कुमार ठाकुर और शीला पंडित ने शपथ ली। वहीं, जदयू से स्वास्थ्य मंत्री निशांत, भारती मेहता, शिवरानी देवी प्रजापति और ललन प्रसाद तथा लोक जनशक्ति पार्टी—रामविलास के अशरफ अंसारी ने शपथ ली। इसके अलावा राजद के सुनील कुमार सिंह को भी शपथ दिलायी गयी। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिजेन्द्र प्रसाद यादव, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद थे।

————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मॉनसून सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में हल्के से मध्यम स्तर की बारिश हुई है। भागलपुर, गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण, किशनगंज, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर जिले में भारी बारिश दर्ज की गयी है। गोपालगंज के भोरे में सबसे अधिक बानवे दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश की सम्भावना है।

कटिहार, मधुबनी, पूर्णियां, सीतामढ़ी और पश्चिम चम्पारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

---साउंड बाईट---

------------------------------------

इधर, बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में बांका जिले में तीन लोगों की मौत हो गयी। हमारे संवाददाता ने बताया कि रजौन, कटोरिया और धोरैया थाना क्षेत्रों में एक–एक व्यक्ति की मौत हुई है।

------------------------------------

आज राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस है। यह दिवस जन स्वास्थ्य की रक्षा के प्रति डॉक्टरों के समर्पण और अमूल्य योगदान को रेखांकित करता है। यह दिवस हर वर्ष एक जुलाई को डॉक्टर बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि की याद में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है– बिहाईन्ड द मास्क : हू हील्स द हीलर्स। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने इस अवसर पर सभी चिकित्सकों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

------------------------------------

राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के बारह अधिकारियों का तबादला कर दिया है। साथ ही तिरेपन पुलिस उपाधीक्षक– डीएसपी का भी स्थानांतरण किया गया है। गृह विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। पंकज कुमार दाराद को विशेष निगरानी इकाई से हटाकर पुलिस भवन निर्माण निगम में प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। अपर पुलिस माहानिदेशक सुधांशु कुमार को विशेष निगरानी इकाई का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रीता वर्मा को गृह रक्षा वाहिनी का महानिदेशक बनाया गया है।

------------------------------------

राष्ट्रीय जनता दल आज अपना तीसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर पटना स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुये। राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा कि राजद देश में संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगा।

------------------------------------

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने मुजफ्फरपुर जिले के राजपुर थाना में पदस्थापित एएसआई मुन्ना यादव को आठ हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार पुलिसकर्मी शिकायतकर्ता से केस में मदद करने के नाम पर रिश्वत ले रहा था।

———————————————————————

बगहा की एक अदालत ने चर्चित पिंटू यादव हत्याकांड में तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

———————————————————————

अररिया जिले पलासी थाना क्षेत्र से पुलिस ने उपद्रव और तोड़फोड़ के मामले में फरार चल रहे चालीस में से दस आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

कटिहार जिले के सहायक थाना क्षेत्र अन्तर्गत हवाई अड्डा के पास अपराधियों ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर गोली मार दी। इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. विकसित भारत जी राम जी अधिनियम आज से लागू। राज्य सरकार ने योजना के कार्यान्वयन के लिए बिहार रूरल डेवलपमेंट सोसाईटी को नोडल एजेंसी बनाया।

02 स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा – राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे।

03. बिहार विधान परिषद के सभी दस नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव रहे मौजूद।

04. और, मौसम विभाग ने कल कटिहार, मधुबनी, पूर्णियां, सीतामढ़ी और पश्चिम चम्पारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।